an>

Title: Regarding the condition of the road between Bareily to Lucknow.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं...(व्यवधान) जिस तरह से हमारी भारत सरकार पूरे देश में हरियाली भरे रास्ते का एहसास कराती है और हरित क्रान्ति लाकर पूरे देश में...(व्यवधान) सड़कों को, यात्रा को सुखद बनाने का एक अच्छा प्रयास कर रही है। वहीं पर मैं आपको बताना चाहूंगी कि दिल्ली और लखनऊ की दूरी तय करने वाला हमारा राष्ट्रीय 24 मार्ग वर्ष 2011 में स्वीकृत हुआ था लेकिन आज भी उसी गति से चल रहा है। ...(व्यवधान) इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि उसकी गति जो दिल्ली और लखनऊ को जोड़ती है जिसमें हमारा बरेली से लखनऊ का जो रास्ता है, वह बहुत ही कष्टदायी है और जो 156 कि.मी. का रास्ता है, वह एकतरफा ध्वस्त पड़ा हुआ है जिसके कारण से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त है।...(व्यवधान)

दूसरे, मैं आपसे कहना चाहूंगी कि इस सड़क पर पिछले एक वर्ष में 350 हादसे हुए हैं और 227 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। मेरा आपसे निवेदन है कंपनी जो भी कार्य कर रही है, उस पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए, कार्य को प्रगति की ओर ले जाने के लिए सरकार को निर्देशित करें। यह मेरी आपसे विनती है। बहुत बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरो प्रसाद मिश्र एवं श्री केशव प्रसाद मौर्य को श्रीमती कृष्णा राज द्वारा उठाये गये विषय के साथ सम्बद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

हुड्डा जी, आप सब लोग भी समझ लीजिए। मैंने पहले ही बोला था कि ज़ीरो ऑवर में जो डिमांड है, वह एक मिनट में रखनी है, लम्बा-चौड़ा भाषण नहीं देना है। दीपेन्द्र जी, आप यंग हैं, अभी आपको बहुत जिंदगी में आगे जाना है, आपको इस बात को समझना चाहिए। ये तरीके ठीक नहीं हैं। बिना आपके नोटिस के होते हुए मैंने आपको एलाउ किया। अब जो भी डिमांड है, उसको बोलते जाओ और बैठ जाओ।

â€¦(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा: मैडम, मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने बहुत महत्वपूर्ण बात को पूरा करने का मौका दिया है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: You put your demand only.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Do you want to speak or not?

...(*Interruptions*)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैडम, दूसरी बात यह है कि अभी जो वन रैंक वन पेंशन का नोटिफिकेशन आया है, इसमें प्री- मैच्योर रिटायरीज को वन रैंक वन पेंशन...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात कहिए नहीं तो आपका यह समय भी जाएगा।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैडम, ऐसे बोलने का क्या तरीका है?...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : तो मत बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : ये एक्स-सर्विसमैन के लिए इश्यूज़ उठा रहे हैं।...(व्यवधान) मैडम, मैं कोई राजनीतिक बात नहीं कर रहा हूं।...(व्यवधान) ये बीजेपी के सांसद क्या हमें एक्स-सर्विसमैन की बात नहीं उठाने देंगे?...(व्यवधान) मैडम, किसी को नहीं रोका गया। सबने अपनी बात रखी है।...(व्यवधान) मैडम, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप डिमांड तो रखिए कि आप क्या कहना चाहते हैं? आप बोलते जाइए नहीं तो यह समय भी समाप्त हो जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा: मैडम, एक नोटिफिकेशन में प्री-मैच्योर रिटायरीज का मामला रखा गया। ...(व्यवधान) प्री-मैच्योर रिटायरीज का मतलब यह है कि जो रियाटरी लेगा, उनको वन रैंक वन पेंशन नहीं मिलेगी।...(व्यवधान) हमारे देश की जो कैबिनेट है, ...(व्यवधान) उसी ने यह एक फैसला लिया है कि 3.1 प्रतिशत लोगों को...(व्यवधान) मैडम, मैं वॉक-आउट करता हूं।

13.04 hours

(At this stage, Shri Deepender Singh Hooda left the House.)

HON. SPEAKER: You just do not know how to make a demand.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : श्री राजव सातव को श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा उठाये गये विषय के साथ सम्बद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।